बिहार सरकार

पथ निर्माण विभाग

संचिका सं0 : – 09/निधि–स्कीम (0103--पुल नाबार्ड) 02–03/2026– 112(S)wen पटना, दिनांक – 05/11/2026

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल,
पथ निर्माण विभाग, (आवंटन विवरणी के अनुसार)।

विषयः– मॉग सं0–41 के मुख्य शीर्ष–5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय, उप मुख्य शीर्ष– 03–राज्य राजमार्ग, लघु शीर्ष–101–सेतु, उपशीर्ष–0103–पुल (नाबार्ड), विपत्र कोड– 41–5054031010103, विषय शीर्ष– 0103.53.01– मुख्य निर्माण कार्य एवं विषय शीर्ष– 0103.53.02– भू–अर्जन मद के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2026–27 में व्यय हेतु निधि का आवटंन।

आदेशः– चालू वित्तीय वर्ष 2026–27 में आवंटन विवरणी के स्तम्भ सं0–7 में अंकित मांग पत्रों के आलोक में संबंधित प्रमंडलों को आवंटन विवरणी के स्तम्भ–5 में अंकित राशि के अनुसार कुल **₹ 38,36,67,142/– (अड़तीस करोड़ छत्तीस लाख सड़सठ हजार एक सौ बयालीस रूपये)** मात्र निधि का आवंटन किया जाता है। इस आवंटन सहित संबंधित प्रमंडलों का चालू वित्तीय वर्ष 2026–27 में कुल आवंटित राशि आवंटन विवरणी के स्तम्भ सं0–6 के अनुसार हो जायेगी।

2. यह व्यय पथ निर्माण विभाग के आय–व्यय 2026–27 में बजट उपबंधित राशि से वहन किया जायेगा।
3. यह व्यय मॉग सं0–41 के मुख्य शीर्ष–5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय, उप मुख्य शीर्ष–03–राज्य राजमार्ग, लघु शीर्ष–101–सेतु, उपशीर्ष–0103–पुल (नाबार्ड), विपत्र कोड– 41–5054031010103, विषय शीर्ष– 0103.53.01– मुख्य निर्माण कार्य एवं विषय शीर्ष– 0103.53.02– भू–अर्जन मद के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2026–27 में बजट उपबंधित राशि से विकलनीय है।
4. यह आवंटन आदेश वित्त विभाग के परिपत्र सं0– 2561/वि॰(2) दिनांक– 17.04.1998, पत्रांक– 236/वि॰ दिनांक– 09.03.2026 एवं पत्रांक–314 /वि॰ दिनांक–01.04.2026 में दिये गये निदेश के आलोक में निर्गत किया जा रहा है।
5. प्रमंडल / निगम/ कार्यालय द्वारा आवंटित राशि को स्वीकृत योजना के प्रशासनिक स्वीकृत्यादेश के विरूद्ध वित्त विभाग के पत्रांक–एम0–4–53/2007–6439 दिनांक–28.08.18 एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा–निर्देश के आलोक में ही व्यय की जाय।
6. आवंटित राशि का व्यय नियमानुसार CFMS के माध्यम से किया जायेगा।
7. यह व्यय प्रशासनिक/ प्रावैधिक स्वीकृति की राशि से अवश्य समाविष्ट होनी चाहिए।
8. संबंधित निगम/ प्रमंडल / कार्यालय विभागीय पत्र सं0–4099(एस॰) दिनांक–11.05.2017, पत्र सं0–901(ई॰) दिनांक–08.02.2018 तथा पत्र सं0– 3401(ई॰) दिनांक–17.05.2018 द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के उपरान्त ही आवंटित राशि का व्यय करेंगे।
9. आवंटित राशि से अधिक व्यय किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जाय तथा अतिरिक्त दायित्व का सृजन किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जाय। आवंटित राशि से अधिक व्यय के लिए आप पूर्णरूपेण उत्तरदायी होगें। प्रत्येक माह में स्वीकृत परियोजनाओं पर हुए व्यय का मासिक व्यय विवरणी योजनावार अनिवार्य रूप से इस कार्यालय को भेजा जाय।
10. चालू वित्तीय वर्ष 2026–27 में आवंटित राशि से होने वाली संभावित बचत राशि का प्रत्यर्पण दिनांक–15.02.2027 तक निश्चित रूप से कर दिया जाय।
11. प्रस्ताव पर सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार का अनुमोदन प्राप्त है।
12. इसकी सूचना महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार/ वित्त विभाग, बिहार, पटना को दी जा रहीं है।

(अजनी कुमार)
मुख्य अभियंता (बजट एवं योजना),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

05.11.2026
(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

संचिका सं0 : – 09/निधि–स्कीम (0103–पुल नाबार्ड) 02–03/2026– पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, पटना/ वित्त विभाग (बजट शाखा) बिहार, पटना/ सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी / सचिव कोषांग, प0नि0वि0, बिहार, पटना/ सभी संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ सभी संबंधित जिला पदाधिकारी/ अभियंता प्रमुख कोषांग, प0नि0वि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना / मुख्य अभियंता (बजट एवं योजना), प0नि0वि0 / संबंधित मुख्य अभियंता, प0नि0वि0 / संयुक्त सचिव (प्र0को0), प0नि0वि0, पटना / संबंधित अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, प0नि0वि0/ अधीक्षण अभियंता (बजट), प0नि0वि0 / कार्यपालक अभियंता (बजट), प0नि0वि0/ अवर सचिव (बजट), प0नि0वि0 / आई.टी.मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना एवं प्रशाखा पदाधिकारी–9 / लेखा शाखा, प0 नि0 वि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05.11.2026

(अंजनी कुमार)
मुख्य अभियंता (बजट एवं योजना),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

आवंटन विवरणी

संचिका सं0 : – 09/निधि–स्कीम (0103–पुल नाबार्ड) 02–03/2026– पटना, दिनांक – 05/11/2026

क्रम सं0	प्रमंडल/कार्यालय का नाम (जिन्हें आवंटन दिया जा रहा	विषय शीर्ष	शीर्षान्तर्गत पूर्व आवंटन	वर्त्तमान आवंटन	कुल आवंटन	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7
1	कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, डेहरी–ऑन–सोन	0103.53.01	24,00,00,000	20,00,00,000	44,00,00,000	1750 / 14.10.2026
2	कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, खगड़िया	0103.53.01	2,50,00,000	70,00,000	3,20,00,000	1147/ 07.10.2026
3	कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मोतिहारी	0103.53.01	10,00,00,000	10,00,00,000	20,00,00,000	2598/ 12.10.2026
4	कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सहरसा	0103.53.01	3,00,00,000	6,00,00,000	9,00,00,000	1674 / 27.10.2026
योग			**39,50,00,004**	**36,70,00,000**	**76,20,00,006**	
5	कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, छपरा	0103.53.01	5,65,33,560	1,66,67,142	7,32,00,702	3074 / 14.10.2026
योग			**5,65,33,560**	**1,66,67,142**	**7,32,00,702**	
कुल योग			**45,15,33,564**	**38,36,67,142**	**83,52,00,708**	

वर्त्तमान आवंटन शब्दों में अड़तीस करोड़ छत्तीस लाख सड़सठ हजार एक सौ बयालीस रूपये मात्र।

05.11.2026

(अंजनी कुमार)
मुख्य अभियंता (बजट एवं योजना),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव (प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

05